RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 190 | SATURDAY 18-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## गुस्ताखी माफ



साफ-सफाई अधिक भी, अच्छी नहीं जनाब।
घट जाती इम्यूनिटी, सेहत करे खराब।
सेहत करे खराब, गंद रहने दें थोड़ा।
रोधक-क्षमता बढ़े, बने तन काला घोड़ा।
कह साहिल कविराय, समझ में है क्या आई।
अच्छी नहीं जनाब, अधिक भी साफ-सफाई।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल



# भारत ने रचा इतिहास: जींद से दौड़ी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, PM बोले- भविष्य की रेल का नया युग शुरू




जींद/यूटर्न/17 जुलाई। भारत ने रेलवे के क्षेत्र में शुक्रवार को इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जहां हाइड्रोजन तकनीक पर आधारित रेल सेवा शुरू हो चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने करीब 14 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी की पहचान अब हाइड्रोजन ट्रेन होगी। जींद से सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे शक्तिशाली 3200 हॉर्सपावर वाली और सबसे लंबी 10 कोच की हाइड्रोजन ट्रेन है। इसे भारतीय इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और पूरी तरह देश में तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया', 'ग्रीन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच का सशक्त उदाहरण है।

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने हरियाणा की डबल इंजन सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। बिना खर्ची-पर्ची सरकारी नौकरियां देने की व्यवस्था भाजपा सरकार की पारदर्शी कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि खेती और उद्योग, दोनों क्षेत्रों में हरियाणा नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जींद अब पांच राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ चुका है। दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे, जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सड़क परियोजनाएं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देंगी। इससे किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा।

# हरियाणा के 34 रेलवे स्टेशन बनेंगे हाईटेक, कालका-नरवाना को मिली नई पहचान

## मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले- रेलवे विकास में हरियाणा बना देश का मॉडल, 3,566 करोड़ पहुंचा रेल बजट



चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हरियाणा के कालका और नरवाना रेलवे स्टेशन नए आधुनिक स्वरूप में तैयार होकर जनता को समर्पित कर दिए गए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि राज्य के 34 रेलवे स्टेशनों का 1,149 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक स्वरूप में पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से मंडी डबवाली, होडल और जींद रेलवे स्टेशन पहले ही तैयार हो चुके हैं।

कालका रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रेलवे स्टेशन केवल यात्रियों के आने-जाने की जगह नहीं, बल्कि पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था के नए केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशभर के 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण किया, जिनमें हरियाणा के कालका और नरवाना स्टेशन भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में हरियाणा का रेल बजट मात्र 315 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 3,566 करोड़ रुपये हो गया है। प्रदेश में करीब 12 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जिससे उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा की सभी 1,574 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। प्रदेश में 8 वंदे भारत और 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा है। वहीं रोहतक-महम-हांसी, सोनीपत-जींद रेल लाइन, रोहतक एलिवेटेड रेल लाइन और कुरुक्षेत्र एलिवेटेड ट्रैक जैसी परियोजनाएं भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

# बकरियों के 40 हजार रुपये के विवाद में दोस्त की हत्या मामले में दोषी करार

- पूर्व सीएम के सिसवां आवास के पास दफनाया था शव, सोमवार को सुनाई जाएगी सजा
- बिना सिर वाला शव मिलने से मचा था हडकंप
- पालतू कुत्ते ने नौ दिन बाद खोला था हत्या का राज,

मोहाली/यूटर्न/17 जुलाई। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिसवां स्थित उच्च सुरक्षा वाले आवास के पास दोस्त की हत्या कर उसका बिना सिर वाला शव दफनाने के बहुचर्चित मामले में स्थानीय अदालत ने मुख्य आरोपी को दोषी करार दिया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रांत कुमार की अदालत ने जागीर सिंह उर्फ घोला को हत्या के आरोप में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत दोषी ठहराया है। दोषी को सजा सोमवार को सुनाई जाएगी। वहीं, सह-आरोपी सतनाम सिंह उर्फ सनी और देसराज उर्फ देसा को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

उप जिला अटॉर्नी हरदीप सिंह के अनुसार, यह वारदात 12 जून 2021 को हुई थी। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि चरवाहे सुच्च सिंह और जागीर सिंह सिसवां में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान बकरियों की खरीद-फरोख्त से जुड़े 40 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में जागीर सिंह ने तलवार से हमला कर सुच्च सिंह की हत्या कर दी और उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। हत्या के बाद आरोपी ने शव को पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सिसवां स्थित फार्महाउस के पास दफना दिया, जबकि सिर को अलग कर दिया गया। उच्च सुरक्षा क्षेत्र के नजदीक शव दफनाए जाने के कारण यह मामला उस समय काफी चर्चा में रहा था। हत्या का खुलासा 21 जून 2021 को हुआ, जब मृतक का पालतू कुत्ता लगातार परिवार के लोगों को एक स्थान पर ले जाने लगा। परिजनों को शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर खुदाई करने पर बिना सिर वाला शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस जांच में जागीर सिंह और उसके साथियों को गिरफ्तार किया गया।

## बड़ी-बड़ी बातें, धुंधली तस्वीर


संदीप शर्मा, सम्पादक

उम्मीद थी कि जालंधर में प्रधानमंत्री का भाषण विकास पर केंद्रित होगा। आखिरकार, यह बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन के साथ हुआ और पंजाब के भविष्य के लिए एक व्यापक विजन पेश करने का मौका भी था। इसके बजाय, भाषण जल्द ही जानी-पहचानी राजनीतिक बातों में बदल गया, जिसमें आलोचना तो खूब थी लेकिन ठोस जानकारी की कमी थी। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पंजाब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। संगठित अपराध, ड्रग्स की समस्या, हिंसा की घटनाएं, बेरोजगारी और औद्योगिक ठहराव वास्तविक चिंताएं हैं। इन पर ईमानदारी से राजनीतिक चर्चा होनी चाहिए। लेकिन इन जटिल समस्याओं को सिर्फ एक राजनीतिक नैरेटिव तक सीमित कर देने से न तो वे समझ आती हैं और न ही नागरिकों को यह भरोसा मिलता है कि उन पर उतनी गंभीरता से काम हो रहा है जितनी जरूरी है।

इससे यह धारणा बनी कि पंजाब की मुश्किलें अलग-थलग हैं, मानो बाकी भारत स्वर्ग बन गया हो और वहां कोई अपराध, ड्रग्स, कानून-व्यवस्था की समस्या या आर्थिक संकट न हो। शासन ऐसे नहीं चलता। हर राज्य की अपनी चुनौतियां होती हैं। कई राज्यों में गैंग हिंसा सामने आई है। ड्रग तस्करी के रास्ते राज्यों की सीमाओं को पार करते हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और सार्वजनिक सुरक्षा राष्ट्रीय चिंताएं हैं, न कि सिर्फ पंजाब की। केंद्र ने खुद बार-बार माना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी एक अंतर-राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय समस्या है जिसके लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है। यहीं पर प्रधानमंत्री कार्यालय की जिम्मेदारी एक आम प्रचारक से अलग हो जाती है। देश के सर्वोच्च निर्वाचित पद के पास न केवल आलोचना करने बल्कि संदर्भ को समझने और समझाने का अधिकार भी होता है। नागरिक सिर्फ विवरण नहीं, बल्कि समस्या की सही पहचान चाहते हैं; सिर्फ बयानबाजी नहीं, बल्कि समाधान चाहते हैं। राजनीतिक भाषण स्वाभाविक रूप से चीजों को सरल बनाते हैं। चुनाव अभियान अंतर दिखाने पर फलते-फूलते हैं। फिर भी, बहुत ज्यादा सरलीकरण की भी सीमाएं होती हैं। जब हर समस्या के लिए एक ही विरोधी को जिम्मेदार ठहराया जाता है, तो बारीकियां पीछे छूट जाती हैं। हालांकि, शासन चलाना शायद ही इतना आसान होता है। पंजाब की मौजूदा स्थिति अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकारों द्वारा दशकों से लिए गए नीतिगत फैसलों का नतीजा है। इसके उलट दिखावा करना भले ही एक प्रभावी नारा बन जाए, लेकिन इससे कोई विश्वसनीय रोडमैप नहीं बनता। एक और मौका हाथ से निकल गया। सार्वजनिक परियोजनाओं का उद्घाटन अक्सर भरोसा जगाने, केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग की बात करने और नागरिकों को यह विश्वास दिलाने का क्षण होता है कि विकास पार्टी की सीमाओं से ऊपर है। इसके बजाय, विकास की भूमिका शुरूआती रही और राजनीतिक संदेश मुख्य आकर्षण बन गया।

पंजाब के लोग सिर्फ बड़े-बड़े बयानों से कहीं ज्यादा जानने के हकदार हैं। दिल्ली से आकर पंजाब के लोगों को यह बताना कि यहाँ क्या गलत है, वैसा ही है जैसे घर के मालिक को यह बताना कि उसके घर में क्या खराबी है। मानो उन्हें यह पता ही न हो।

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 190 | SATURDAY 18-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## घग्गर दरिया में अवैध खनन, अज्ञात लोगों पर केस दर्ज


जीरकपुर/यूटर्न/17 जुलाई। ढकोली थाना पुलिस ने खनन विभाग की शिकायत पर पीरमुछल्ला स्थित घग्गर दरिया में अवैध खनन के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने माइनिंग एक्ट की धारा 4(1) और 21(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खनन विभाग के जेई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई की रात करीब 11:45 बजे पुलिस टीम के साथ पीरमुछल्ला स्थित घग्गर दरिया में अचानक निरीक्षण किया गया। रात के अंधेरे के कारण विस्तृत जांच संभव नहीं हो सकी, जिसके बाद अगले दिन सुबह करीब 9:15 बजे दोबारा मौके का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दरिया में दो बड़े गड्ढे मिले।

# मार्शल आर्ट क्लास से चार साल का बच्चा किडनैप, कार सवार युवकों ने सरेआम की वारदात, ट्रांसपोर्टर पिता पर लगे आरोप

## बच्चे के लापता होने से मां का रो-रोकर हुआ बुरा हाल, खाना-पीना किया बंद

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। लुधियाना में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक महिला ने पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर उनके चार साल के बेटे को मार्शल आर्ट क्लास से अज्ञात लोगों द्वारा सरेआम किडनैप करने का आरोप लगाया गया है। बदमाश सिल्वर रंग की बलेनो कार में सवार होकर आए थे। बच्चे को अगवा करके ले जाते हुए देख टीचर ने इस संबंधी उसकी मां को सूचना दी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। थाना दरेसी की पुलिस ने सुंदर नगर की महावीर जैन कॉलोनी की रहने वाली मोनालिका की शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। बच्चे की पहचान महावीर जैन कॉलोनी के चार वर्षीय सुवास के रुप में हुई है। लेकिन अभी 24 घंटे बीतने के बाद भी बच्चे का सुराग नहीं लग सका है। इस घटना की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जिसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। बच्चे की किडनैपिंग के पीछे उसके ट्रांसपोर्टर पिता का हाथ बताया जा रहा है। लेकिन पुलिस ने अभी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। जानकारी देते हुए मोनालिका ने बताया कि उनका चार साल का बेटा सुवास सुंदर नगर में थाने की बैक साइड द ग्रेट इंडियन मार्शल आर्ट स्कूल में ट्रेनिंग लेता है। घटना के बाद मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वे बेटे के खोने के कारण कुछ खा-पी भी नहीं रही।




सोशल मीडिया पर बेटे को ढूंढने में मदद की गुहार लगाती पीड़ित मां



ट्रेनिंग स्कूल के बाहर बच्चे को किडनैप करके ले जाते दिखे बदमाश



बच्चा सुवास

### कार में सवार होकर आए थे बदमाश

मोनालिका ने बताया कि वे रोजाना की तरह वीरवार शाम करीब सवा छह बजे बेटे सुवास को क्लास पर छोड़कर आई थी। करीब 6.35 बजे कार में सवार होकर 3-4 युवक आए। जिसमें से दो युवक कार से उतरकर क्लास में चले गए। वहां से सुवास को गोद में उठाकर भाग निकले। टीचर उन्हें रोकती रह गई, लेकिन तब तक वे भागकर कार में बैठे और फरार हो गए। भागते हुए उन्होंने बच्चे का सिर भी कार में मारा।

### पति के दूसरी महिला के साथ हैं संबंध

पीड़िता मोनालिका ने कहा कि उसकी शादी 27 जुलाई 2020 को भामियां रोड के गुरु नानक नगर के रहन वाले ट्रांसपोर्टर के साथ हुई थी। उसके पति की बाहर एक महिला के साथ दोस्ती है। जिसका उसे पता चला, तो वे दो बार परेशान होकर मायके घर आई। दोनों बार पति और ससुराल वाले माफी मांगकर वापिस ले गए। लेकिन नवंबर 2025 को फिर उसे पता चला कि पति उक्त लड़की से मिलता है। जिसके बाद वे बेटे के साथ मायके घर आ गई।

### पहले भी की किडनैपिंग की कोशिश, पुलिस ने दी थी वॉर्निंग

मोनालिका ने आरोप लगाते हुए कहा कि उसके पति व ससुराल वालों ने अपनी गलत हरकतों का पता चलने के बावजूद गलती नहीं मानी। उल्ट 10 जून को उनका पति, सास व अन्य लोग थार लेकर उसके मायके घर आ गए। जिन्होंने वहां भी बेटे सुवास को जबरन किडनैप कर ले जाने का प्रयास किया। लेकिन मोनालिका और मायके वालों ने कार के आगे आकर रोका और बच्चे को बाहर निकाला। इलाके के कई मुखियों के बीच पड़ने पर समझौता हुआ। तब थाना दरेसी एसएचओ ने भी पति को वॉर्निंग दी थी कि वे आगे से मां से पूछे बिना बच्चे को नहीं मिलेगा।

### पति व ससुराल वाले घर से फरार

मोनालिका ने बताया कि वीरवार शाम को ही पुलिस ने उसके ससुराल घर में रेड की। लेकिन पति व सास घर में लाइटें जलती छोड़कर ताला लगाकर फरार हो चुके हैं। जिसके चलते उन्हें लगता है कि इस बार भी पति ने ही बेटे को किडनैप किया है। उनकी सास की टांगें नहीं चलती, लेकिन पति की इन हरकतों के कारण वे भी परेशानी झेल रही हैं। उनका आरोप है कि पति के दोस्त रिंकू और कनिक भी इस वारदात में शामिल थे।

### कोर्ट में चल रहा है केस

मोनालिका ने कहा कि उन्होंने कोर्ट में केस दायर किया हुआ है। पेश होने के लिए पति को समन जा रहे हैं, लेकिन वे पेश नहीं हो रहे। पुलिस ने भी पति को चेतावनी दी थी कि कोर्ट में केस चल रहा है, कोर्ट मामले का फैसला करेगी। मोनालिका ने कहा कि पति को अगर बच्चे से मिलना है तो कोर्ट से परमिशनें लाकर मिल सकते हैं, लेकिन यह धक्केशाही की जा रही है। मोनालिका ने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट डालकर मदद की गुहार लगाई है। मामले संबंधी थाना दरेसी एचएचओ से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

# स्कूली छात्रों को पुलिस ने दिया ट्रैफिक, ड्रिल और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण, बनेंगे 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर'

पंचकूला/यूटर्न/17 जुलाई। हरियाणा पुलिस के स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रज्जीपुर में शुक्रवार को विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चयनित विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों, ड्रिल, अनुशासन और आपातकालीन परिस्थितियों में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' के रूप में कार्य करने का प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान कंपनी कमांडर एवं निरीक्षक संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को शारीरिक अभ्यास, ड्रिल, कदमताल और कमान संचालन का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता के महत्व से अवगत कराया तथा पुलिस अधिकारी जैसी तत्परता और अनुशासन विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

दूसरे चरण में ट्रैफिक प्रभारी सूरजपुर अभिषेक और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों, ट्रैफिक संकेतों और चिन्हों की जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि वे समाज में 'ट्रैफिक योद्धा' के रूप में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। साथ ही उन्हें आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक प्रतिक्रिया (फर्स्ट रिस्पॉन्डर) देने और आवश्यक शारीरिक गतिविधियों का भी प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर एसीपी ट्रैफिक एवं स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास बढ़ाना तथा युवाओं में कानून के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक आईपीएस अमरिंदर सिंह ने कहा कि स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम युवाओं को अनुशासन, जिम्मेदारी और कानून का सम्मान करना सिखाने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम भविष्य में सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग और स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# सीक्रेट ऑपरेशन में पंचकूला पुलिस ने सादे कपड़ों में बाइक से पीछा कर माइनिंग ट्रैक्टर दबोचा

कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/17 जुलाई। हरियाणा में अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस अब परंपरागत पुलिसिंग के साथ-साथ नई रणनीतियों और गोपनीय ऑपरेशन का सहारा ले रही है। खनन माफियाओं के लगातार बदलते तौर-तरीकों और पुलिस की गतिविधियों पर उनकी नजर को देखते हुए पुलिस भी अब योजनाबद्ध और चौंकाने वाले अंदाज में कार्रवाई कर रही है। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन के नेतृत्व में अमरावती पुलिस चौकी की टीम बुर्जकोटियां के समीप नदी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन का भंडाफोड़ किया है। नवनियुक्त डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह के अनुसार शाम करीब 5 बजे अमरावती पुलिस चौकी को गुप्त सूचना मिली कि बुर्जकोटियां के पास नदी क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है।





# 10 महीने पुरानी चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार; 35 लाख की नकदी और जेवर बरामद

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/17 जुलाई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 ने सेक्टर-8 में करीब 10 महीने पहले हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 35 लाख रुपये मूल्य की चोरी की संपत्ति बरामद की है, जिसमें लगभग 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण व बर्तन तथा 15 लाख रुपये नकद शामिल हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार, 2 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-8 निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रिश्तेदार के घर गए थे। लौटने पर मकान के पीछे का गेट खुला मिला और कमरों व अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। चोर घर से सोने-चांदी के आभूषण, कीमती सामान और नकदी चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-7 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि थाना सेक्टर-5 में दर्ज एक अन्य चोरी के मामले में गिरफ्तार सुशील कुमार उर्फ निप्पल और विरेन्द्र कुमार ने पूछताछ में सेक्टर-8 की चोरी की वारदात भी कबूल की थी। इसके बाद मामले की जांच क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 को सौंपी गई। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर दोनों आरोपियों को इस मामले में औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक आईपीएस अमरिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर करीब 35 लाख रुपये की चोरीशुदा संपत्ति बरामद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपी विरेन्द्र कुमार के खिलाफ पहले से चोरी के 13 मामले दर्ज हैं, जबकि सुशील कुमार उर्फ निप्पल के खिलाफ तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों आदतन अपराधी हैं और कई चोरी की वारदातों में शामिल रहे हैं। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन ने कहा कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकता। पंचकूला पुलिस सभी मामलों की गहन जांच कर रही है और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**मुख्य बिंदु**

- 10 महीने पुरानी सेक्टर-8 चोरी का खुलासा।
- दो शातिर आरोपी गिरफ्तार।
- 35 लाख रुपये की चोरीशुदा संपत्ति बरामद।
- विरेन्द्र पर 13 और सुशील पर 3 आपराधिक मामले पहले से दर्ज।

# गुंबर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर गौ संरक्षण के मुद्दों पर की चर्चा



लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन, लुधियाना के अध्यक्ष बिट्टू गुंबर ने पंजाब भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान बिट्टू गुंबर ने गौ चारा संकट, गौ हत्या की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और गौ रक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की आवश्यकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौशालाओं के समक्ष आ रही समस्याओं के समाधान को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। बिट्टू गुंबर ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

# पंजाब सरकार ने 15 अधिकारियों को दी तरक्की, एसपी पद पर पदोन्नत किया




चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। पंजाब सरकार के गृह मामलों एवं न्याय विभाग ने पंजाब पुलिस के 15 डीएसपी (पीपीएस) अधिकारियों को कार्यवाहक (ऑफिसिएटिंग) आधार पर एसपी के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय 9 जून 2026 को हुई विभागीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की सिफारिशों के आधार पर लिया गया। आदेश के अनुसार पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में सुखअमृत सिंह रंधावा, हरसिमरत सिंह, दलजीत सिंह, सतिंदर कुमार, तेजिंदरपाल सिंह, संजीव गोयल, कुलदीप सिंह, राकेश कुमार, करमवीर सिंह, दलबीर सिंह, निरवैर सिंह, गगनदीप सिंह, संजीव कुमार, मुनिश कुमार और महेश कुमार शामिल हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह पदोन्नति पूरी तरह कार्यवाहक आधार पर होगी। संबंधित अधिकारियों को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की सिफारिशों और नियुक्ति आदेश जारी होने तक एसपी के पद का वेतन एवं भत्ते मिलेंगे। इसके लिए अधिकारियों को 200 रुपये का स्टाम्प पेपर प्रस्तुत करना होगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी वरिष्ठ अधिकारी को बाद में पदोन्नति के लिए उपयुक्त पाया जाता है, तो उसे वरिष्ठता के आधार पर कार्यवाहक एसपी के पद पर नियुक्त किया जाएगा।




पेज 12 सेक्टर-43 जिला अदालत को मिलेगा विस्तार...


# जालंधर में पटरी पर ट्रेन, जुबान पर आप, पीएम मोदी की परियोजनाएँ और चुनावी तीर साथ-साथ चले

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 5,470 करोड़ रुपये के रेल और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की नींव रखी, जिसमें पूरे भारत में 75 रीडेवलप किए गए रेलवे स्टेशन शामिल हैं। जालंधर में लॉन्च के बाद, प्रधानमंत्री ने पंजाब का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की हालत खराब है, जहां कोई नहीं बता सकता कि कब या कहां गैंगवॉर शुरू हो जाए या किस तरफ से गोलियां चल जाएं। मोदी ने अकाली दल पर भी हमला करते हुए कहा कि उसे जनता की कोई चिंता नहीं है क्योंकि वह अपने ही मामलों में उलझा हुआ है। मोदी ने कहा, श्पूरे पंजाब में डेवलपमेंट का काम रुक गया है। सिर्फ भारत सरकार के प्रोजेक्ट्स ही दिखाए जा रहे हैं।



## जालंधर में हो रही डेवलपमेंट

यहां डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जालंधर अब डेवलपमेंट का गवाह बन रहा है। मोदी ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर कांग्रेस की पंजाब यूनिट में अंदरूनी लड़ाई कभी खत्म नहीं होती दिख रही है। इस मौके पर, प्रधानमंत्री ने अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी संत रविदास एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई, जिससे दो खास आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल लिंक बन गया।

## पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

मोदी चंडीगढ़ और हरियाणा के जींद में कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करने के बाद जालंधर पहुंचे, जहां उन्होंने भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। फरवरी में डेरा सचखंड बल्लान जाने के बाद मोदी का यह जालंधर का दूसरा दौरा था। इस दौरे को 2027 के पंजाब चुनावों से पहले एक राजनीतिक पहुंच के तौर पर देखा जा रहा है, जिसे भाजपा अपने दम पर लड़ने की तैयारी कर रही है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत 20 राज्यों में 75 नए बनाए गए रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। इस प्रोजेक्ट के तहत, लगभग 1,570 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशनों पर मॉडर्न, पैसेंजर-फ्रेंडली सुविधाएं जोड़ी गई हैं।

# सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का 19वां दिन: सेहत बिगड़ी, जंतर-मंतर पर समर्थन बढ़ा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा सुधारक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का शुक्रवार को 19वां दिन है और उनकी सेहत काफी बिगड़ गई है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि उनका वजन 9 किलो से ज्यादा कम हो गया है और चेतावनी दी है कि उनकी हालत गंभीर हो गई है, फिर भी वांगचुक ने अपना अनशन खत्म करने से इनकार कर दिया है। वांगचुक 28 जून को युवाओं के नेतृत्व वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के समर्थन में भूख हड़ताल में शामिल हुए थे। वे नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी भारत की परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और केंद्र सरकार से ज्यादा जवाबदेही की भी मांग कर रहे हैं।



## अपील के बावजूद वांगचुक फैसले पर अड़े

डॉक्टरों, विपक्षी नेताओं और मशहूर हस्तियों की बार-बार अपील के बावजूद वांगचुक अपने फैसले पर अडिग हैं। उन्होंने समर्थकों से सरकार से यह पूछने को कहा है कि उसने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत क्यों शुरू नहीं की है। उन्होंने नागरिकों से 20 जुलाई को संसद तक प्रस्तावित मार्च में शामिल होने की भी अपील की है।

## राजनीतिक समर्थन भी मिला

इस आंदोलन को राजनीतिक समर्थन भी मिल रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को जंतर-मंतर का दौरा किया और वांगचुक के प्रति समर्थन जताते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। केजरीवाल ने यह भी कहा कि वांगचुक को शिक्षा मंत्री के पद के लिए विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने से लाखों छात्रों का भरोसा टूट गया है।


## केंद्र सरकार से बातचीत की अपील

तृणमूल कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार से वांगचुक के साथ तुरंत बातचीत शुरू करने की अपील की है और चेतावनी दी है कि अगर उनकी सेहत और बिगड़ती है तो सरकार जिम्मेदार होगी। दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर की गई है जिसमें उनकी जान को खतरा बताते हुए मेडिकल मदद (जरूरत पड़ने पर जबरदस्ती खाना खिलाने सहित) की मांग की गई है।

**मनोरंजन जगत से भी समर्थन...** मनोरंजन जगत से भी उन्हें समर्थन मिल रहा है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, फातिमा सना शेख और फि ल्म निमार्ता किरण राव ने सरकार से प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने और वांगचुक की सेहत को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। केंद्र सरकार ने अब तक प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जबकि प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं और सरकार द्वारा बातचीत शुरू किए जाने तक आंदोलन को और तेज करने का संकल्प ले रहे हैं।

# सोनिया गांधी का सोनम वांगचुक को समर्थन का ऐलान, पुराने पलों को किया याद

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को पूरा समर्थन देने को कहा है। उन्होंने 42 साल पहले की एक कम जानी-पहचानी घटना का ज़िक्र किया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लद्दाख के लिए अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर लेह में भूख हड़ताल कर रहे वांगचुक के पिता, सोनम वांग्याल से मुलाकात की थी। कांग्रेस ने इस मुलाकात को लोकतांत्रिक जुड़ाव का एक उदाहरण बताया और इसकी तुलना दिल्ली के जंतर-मंतर पर वांगचुक की चल रही भूख हड़ताल पर केंद्र सरकार की चुप्पी से की।



## पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखा पत्र

पार्टी कार्यकर्ताओं को लिखे एक पत्र में सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलनों के साथ खड़ी रही है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से वांगचुक का साथ देने की अपील की, जिनकी प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर भूख हड़ताल अब तीसरे हफ़्ते में प्रवेश कर गई है और उनकी सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

# चंडीगढ़ में 86 साल का बुजुर्ग जाएगा जेल, 10 साल की बच्ची से छेड़छाड़ केस में फैसला; कोर्ट ने सुनाई पांच साल की सजा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। 10 साल की बच्ची से शारीरिक छेड़छाड़ करने वाले 86 वर्षीय बुजुर्ग को शुक्रवार को जिला अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। बुधवार को स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट ने बुजुर्ग को पोक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया था। इस धारा में न्यूनतम पांच वर्ष की सजा का प्रविधान है। दोषी ने बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने बुलाया और उसके साथ शारीरिक छेड़छाड़ की थी।



उसके खिलाफ दो साल पहले आईटी पार्क थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75 व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस केस में वह जमानत पर था, लेकिन अदालत ने जैसे ही उसे दोषी करार दिया, उसे हिरासत में ले लिया गया था। मामला नवंबर 2024 का है जब एक महिला ने बेटी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दी थी। महिला ने बताया था कि नवंबर 2024 में उसकी बेटी एक दुकान पर दूध और ब्रेड लेने गई थी। दुकानदार ने चॉकलेट देने के बहाने शारीरिक छेड़छाड़ की। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# 30 साल पुराने 3.18 करोड़ रुपये बैंक घोटाले में फरार आरोपी पर शिकंजा

मोहाली/यूटर्न/17 जुलाई। करीब 30 साल पुराने 3.18 करोड़ रुपये के बैंक गबन मामले में फरार चल रहे आरोपी विजय कुमार चड्ढा के खिलाफ सीबीआई अदालत ने बड़ा कदम उठाया है। मोहाली स्थित विशेष सीबीआई अदालत ने आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए ओपन डेटेड गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी कराने की प्रक्रिया के तहत दिया गया है। सीबीआई एंटी करप्शन ब्रांच चंडीगढ़ के अनुसार मामला 10 सितंबर 1996 का है। आरोपी विजय कुमार चड्ढा, जो उस समय केनरा बैंक की बटाला शाखा में अधिकारी था, पर आरोप है कि उसने वर्ष 1992 से 1996 के दौरान बैंक को करीब 3.18 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। जांच में सामने आया कि उसने एसबीआई बटाला में संचालित बैंकर्स खाते के आधार पर भारी नकदी निकाली और उसे बैंक में जमा कराने के बजाय अपने निजी उपयोग में लगा लिया।

**फर्जी दस्तावेज और वाउचर तैयार करने का आरोप...**सीबीआई के अनुसार आरोपी ने कथित गबन को छिपाने के लिए बैंक के रिकॉर्ड में फर्जी वाउचर और दस्तावेज तैयार किए। जांच पूरी होने के बाद 26 नवंबर 1998 को उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 409, 477-ए और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

# न्यू यंग फाइव स्टार क्लब ने स्टेज लगाकर किया भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का किया भव्य स्वागत

लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब की ओर से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के स्वागत के लिए रानी झांसी रोड स्थित खालसा कॉलेज के सामने विशाल स्वागत मंच लगाया गया। क्लब के प्रधान एवं पंजाब सरकार अल्पसंख्यक बोर्ड के सदस्य राजेश जैन बॉबी ने अपनी पूरी टीम के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की महाआरती कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया।



इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू, एडवोकेट गौरव बग्गा, रीना जैन (सरपंच), राशि अग्रवाल, समाजसेविका बिंदिया मदान, गोल्डी सबरवाल, के.के. सूरी, सुनील शर्मा तथा श्रमण स्वीट्स परिवार के मालिक जैन, रेहा जैन,पावन जैन,यशिका जैन ने उपस्थित होकर भंडारे का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में धार्मिक गायक कुमार संजीव ने भगवान जगन्नाथ की महिमा का गुणगान करते हुए 'जगन्नाथ स्वामी तेरी जय होवे', 'रथ पर होके सवार जगन्नाथ आए हैं' और 'तू न संभाले तो हमें कौन संभाले' जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं 'हरे कृष्ण, हरे राम' के संकीर्तन पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति रस में झूम उठे।इस अवसर पर क्लब के प्रधान एवं पंजाब सरकार अल्पसंख्यक बोर्ड के सदस्य राजेश जैन बॉबी ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों और सहयोगियों का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और समाज में भाईचारा, शांति एवं खुशहाली का संदेश निरंतर फैलता रहे। इस मौके पर सचिन जैन, अंकित जैन, धीरज डब्बू, राजीव जैन, अतुल जैन, सार्थक जैन, संचित जैन, शुभम जैन, निखिल जैन, मदन मोहन सोनी, नरेश माटा, राकेश टंडन, अमित जैन, सरोज वर्मा और सतीश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने क्लब की पूरी टीम को सम्मानित किया।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

# क्या सोनम वांगचुक का अनशन और शिक्षा

व्यवस्था के विरुद्ध उठाई गई उनकी आवाज उनके समर्थकों के कारण राह से भटक गई है? सोनम वांगचुक ने सदा से भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार, विद्यार्थियों में रचनात्मकता, व्यावहारिक ज्ञान और प्रकृति से जुड़ी शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की है। अब जिस आंदोलन से वे जुड़े हैं उससे उनका उद्देश्य केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि शिक्षा को अधिक प्रभावी और जीवनोपयोगी और पारदर्शी बनाना रहा है। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या उनकी आवाज उनके साथ जुड़े समर्थकों के कारण केवल एक राजनीतिक मुद्दा बनती जा रही है और सोशल मीडिया के कारण अपने मूल उद्देश्य से भटक गई है। एक पक्ष का मानना है कि उनके समर्थकों के कारण उनके विचारों को देश-विदेश तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यदि सोशल मीडिया न होता, तो शायद उनके आंदोलन और सुझाव इतने व्यापक स्तर पर लोगों तक नहीं पहुँच पाते।

दूसरी ओर, यह भी देखा गया कि सोशल मीडिया पर कई बार उनके संदेशों को अधूरा, तोड़-मरोड़कर या राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। इससे शिक्षा सुधार जैसे गंभीर मुद्दे की जगह बहस का केंद्र व्यक्तित्व, राजनीति और वायरल वीडियो बन गए। परिणामस्वरूप, मूल उद्देश्य कुछ हद तक पीछे छूटता दिखाई दिया। यह कहना उचित होगा कि राह से भटकने का कारण केवल उनके समर्थक ही नहीं, बल्कि उनके साथियों द्वारा गलत प्रतिनिधित्व भी उनकी राह भटका रहा है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या अक से बनाई गई Fake Photo या Video शेयर करना अपराध हो सकता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Artificial Intelligence (AI) के बढ़ते उपयोग के साथ Fake Photo और Deepfake Video के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार किसी व्यक्ति की तस्वीर या वीडियो को अक की मदद से बदलकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाता है।

यदि किसी की Fake Photo या Video बनाकर उसकी छवि खराब की जाती है, उसे बदनाम किया जाता है, ब्लैकमेल किया जाता है या लोगों को गुमराह किया जाता है, तो यह कानूनी कार्रवाई का विषय बन सकता है। ऐसी सामग्री बनाने वाला ही नहीं, बल्कि उसे जानबूझकर आगे शेयर करने वाला व्यक्ति भी कानूनी परेशानी में पड़ सकता है।

यदि आपकी Fake Photo या Video सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, तो सबसे पहले उसका Screenshot और Link सुरक्षित रखें। इसके बाद संबंधित Social Media Platform पर उसे Report करें और आवश्यकता होने पर Cyber Crime Portal या नजदीकी Cyber Police Station में शिकायत दर्ज कराएं। आज अककी मदद से किसी का चेहरा, आवाज और वीडियो काफी हद तक बदले जा सकते हैं। इसलिए किसी भी Photo या Video को बिना जांचे सही मान लेना उचित नहीं है। कई लोग मजाक या मनोरंजन के नाम पर ऐसी सामग्री शेयर कर देते हैं, लेकिन यदि उससे किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा या गोपनीयता को नुकसान पहुंचता है, तो उसके कानूनी परिणाम हो सकते हैं।

**निष्कर्ष:** AI का उपयोग जिम्मेदारी के साथ करना जरूरी है। किसी की Fake Photo या Video बनाना या उसे जानबूझकर फैलाना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। सोशल मीडिया पर कोई भी सामग्री साझा करने से पहले उसकी सच्चाई अवश्य जांचें।

# मांवां-धीयां सत्कार योजना में लुधियाना सबसे आगे, 7.4 लाख महिलाओं ने करवाया रजिस्ट्रेशन

लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की मांवां-धीयां सत्कार योजना में लाभार्थियों के पंजीकरण के मामले में लुधियाना राज्य में पहले स्थान पर पहुंच गया है। 14 जुलाई, 2026 तक जिले में 7.4 लाख महिलाओं का पंजीकरण किया जा चुका है, जो पंजाब के सभी जिलों में सबसे अधिक है।




वहीं, पूरे राज्य में अब तक 68.9 लाख लाभार्थियों का इस योजना के तहत पंजीकरण हो चुका है। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि लुधियाना के बाद पटियाला में 5.3 लाख, अमृतसर में 4.9 लाख, जालंधर में 4.8 लाख, गुरदासपुर में 4.4 लाख और होशियारपुर में 4.2 लाख लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ है। दूसरी ओर, मलेरकोटला में सबसे कम 1.3 लाख पंजीकरण दर्ज किए गए हैं।

# समझौते के बाद बाउंस हुआ चेक, एनआरआई थाने में इमिग्रेशन कंपनी पर केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/17 जुलाई। सेक्टर-34ए चंडीगढ़ स्थित एक इमिग्रेशन कंपनी के खिलाफ वीजा दिलाने के नाम पर कथित धोखाधड़ी के मामले में एनआरआई थाना मोहाली ने एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एडीजीपी एनआरआई विंग पंजाब के आदेश पर दोबारा जांच पूरी होने के बाद की गई।

शिकायतकर्ता गुरदीप सिंह निवासी गांव गोबिंदगढ़ जिला मोहाली ने आरोप लगाया कि अवोक वीजा कोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के सब क्लास-482 वीजा की प्रक्रिया कराने का भरोसा देकर उससे करीब 2.5 लाख रुपये लिए, लेकिन तय सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई। शिकायत के अनुसार कंपनी की ओर से भुगतान लेने के बाद न तो वीजा प्रक्रिया सही तरीके से आगे बढ़ाई गई और न ही स्पष्ट जानकारी दी गई।

मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। समझौते के तहत शिकायतकर्ता को 1.70 लाख रुपये लौटाने के लिए यस बैंक का एक चेक दिया गया, लेकिन बैंक में जमा कराने पर चेक बाउंस हो गया। इसके बाद गुरदीप सिंह ने समझौता समाप्त मानते हुए अपनी पहले बंद की गई शिकायत को दोबारा खोलने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। एडीजीपी एनआरआई विंग के आदेश पर शिकायत की दोबारा जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर एनआरआई थाना मोहाली में आरोपी प्रशांत कुमार सहित संबंधित पक्षों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 316(2), 318(4) और पंजाब ट्रैवल प्रोफेशनल्स रेगुलेशन (इमिग्रेशन) एक्ट 2014 (दस्तावेज में उल्लिखित संबंधित इमिग्रेशन कानून) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

> इमिग्रेशन कंपनी पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> सुरिंदर कुमार, जांच अधिकारी एनआरआई विंग



पेज 06 न्यू यंग फाइव स्टार क्लब ने स्टेज लगाकर किया...

# पूर्व विधायक बैंस और कड़वल में चल रहा विवाद खत्म, प्रैस कांफ्रेस से पहले हुआ समझौता

लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। लुधियाना में करीब दो साल से पूर्व विधायक सिमरजीत सिंह बैंस और कांग्रेस नेता कमलजीत सिंह कड़वल के बीच चल रहा विवाद शुक्रवार को आखिरकार खत्म हो गया। दोनों ने गुरुद्वारा मंजी साहिब आलमगीर में नतमस्तक होकर गुरु साहिब की हजूरी में हाथ मिलाया। दोनों नेताओं ने आगे से एक दूसरे के परिवार खिलाफ टिप्पणी न करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आगे से वे मिलकर पार्टी के बैनर तले काम करेंगें। बता दें कि कमलजीत कड़वल द्वारा शुक्रवार दोपहर 12 बजे प्रैस कांफ्रेस कर बड़े खुलासे करने का दावा किया गया था। जिसके लिए मीडिया को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन उससे पहले ही दोनों में समझौता हो गया।

## ८१ लाख के सबूत देने को दिया था समय

पूर्व विधायक सिमरजीत बैंस द्वारा कुछ दिन पहले प्रैस कांफ्रेस कर आरोप लगाए थे कि कड़वल ने उनसे 82 लाख रुपए देने है। सालों बीतने के बाद भी पेमेंट नहीं दी गई। वहीं दोस्त की पत्नी के साथ गलत होने का आरोप लगाया था। कड़वल ने दावा किया था कि अगर बैंस सात दिन में सभी आरोपों के सबूत न पेश कर सके, तो वे प्रैस कांफ्रेस कर अहम खुलासे करेंगें। शुक्रवार को वे समय खत्म हो गया था। जिसके बाद कड़वल ने दोपहर 12 बजे मॉडल टाउन क्लस में प्रैस कांफ्रेस करने का ऐलान किया था।

## गुरुद्वारा साहिब के लंगर हाल को बना डाला फोटोशूट का स्थान



गुरुद्वारा साहिब में दोनों नेताओं ने किया समझौता



लंगर हाल में ही फोटो खिंचवाने लगे समर्थक

## लंगर हाल में चलता रहा फोटोशूट

लंगर स्थान को पवित्र स्थान माना जाता है। जहां पर लंगर ग्रहण करते हुए संगत को भी फोन इस्तेमाल न करने की सलाह दी जाती है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि बैंस और कड़वल द्वारा वहां लंगर ग्रहण किया गया और फिर वहीं पर उनके साथ आए समर्थकों द्वारा फोटोज खिंचवानी शुरू कर दी गई। बेशक दोनों नेताओं द्वारा खुद मरियादा का ध्यान रखा गया, लेकिन कहीं न कहीं उनके समर्थकों ने मयार्दा भूल बिना सोचे समझे फोटो खिंचवाने पर जोर दिया।

## कुछ लोगों ने दोनों में पैदा किए मतभेद

समझौते के दौरान बैंस और कड़वल ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा उन्हें बातों को घुमा घुमाकर पेश करके एक दूसरे के प्रति मतभेद पैदा कर दिए गए थे। लेकिन अब उन्होंने सभी मतभेद खत्म कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 25 साल पुरानी दोस्ती पहले की तरह बरकरार रहेगी। हम दोनों एक दूसरे के परिवारों के खिलाफ कोई भी गलत टिप्पणी नहीं करेंगें। वहीं सभी गिले-शिकवे भुलाकर एकजुट होकर जनता की सेवा करेंगें।

## साउथ सिटी रोड पर ब्लैक कार सवारों ने सरेआम चलाई गोलियां, एक गोली गार्ड के बीट बॉक्स में लगी




लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। साउथ सिटी रोड पर वीरवार देर रात करीब 12 बजे रेस्त्रां चेन के करीब एक ब्लैक रंग की कार सवार लोगों द्वारा गोलियां चलाई हैं। इस दौरान एक गोली वहां मौजूद सिक्योरिटी गार्ड के बीट बॉक्स में जा लगी। सरेआम की फायरिंग के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिनकी और से जांच की जा रही है। उक्त घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। जिसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार वीरवार देर रात एक काले रंग की कार पर सवार होकर कुछ युवक आए। जिन्होंने रेस्त्रां चेन की लाइन में बैंक के पास फायरिंग की। युवक आराम से गोली चलाकर वहां से चलते बने। जिसे देख लगता था कि उन्हें कानून का कोई डर ही नहीं है। चर्चा है कि बदमाशों द्वारा की गई वारदात को देखकर लगता है कि वे दहशत फैलाने के मकसद से आए थे।

## दादी को कैंसर से खोया, अब कैंसर विशेषज्ञ बनने का सपना: लुधियाना के आर्यन गुप्ता बने NEET-UG 2026 के ऑल इंडिया टॉपर

लुधियाना/यूटर्न/17 जुलाई। पंजाब के लुधियाना शहर के रहने वाले आर्यन गुप्ता ने देश की सबसे कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक NEET-UG 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर इतिहास रच दिया है। आर्यन ने 720 में से 715 अंक प्राप्त कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, शिक्षकों और पूरे पंजाब में खुशी की लहर है।

आर्यन की सफलता के पीछे केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक भावनात्मक कहानी भी जुड़ी है। उन्होंने बताया कि जब वह तीसरी कक्षा में थे, तब उनकी दादी का स्टेज-4 कैंसर से निधन हो गया था। उस समय परिवार में कई डॉक्टर होने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस घटना ने उन्हें अंदर तक झकझोर दिया और तभी उन्होंने तय कर लिया कि वह बड़े होकर कैंसर विशेषज्ञ (ऑन्कोलॉजिस्ट) बनेंगे, ताकि भविष्य में किसी परिवार को ऐसी पीड़ा का सामना न करना पड़े।

आर्यन के पिता डॉ. सचिन गुप्ता एनेस्थीसियोलॉजिस्ट हैं, जबकि उनकी मां डॉ. रीनू गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। आर्यन अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई को भी देते हैं। उनके बड़े भाई ने वर्ष 2025 में ठएएळ में ऑल इंडिया रैंक-54 हासिल की थी और वर्तमान में दिल्ली के मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। आर्यन का कहना है कि तैयारी के दौरान भाई ने पढ़ाई की रणनीति, नोट्स और मानसिक



दबाव से निपटने में उनका लगातार मार्गदर्शन किया। आर्यन ने बताया कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र अनुशासन और निरंतर मेहनत रही। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी के दौरान वह रोजाना 16 से 17 घंटे तक पढ़ाई करते थे। कई बार ऐसी स्थिति भी आई जब उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिल पाती थी, लेकिन अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने लिए एक लक्ष्य तय किया था और उसे हासिल करने के लिए लगातार मेहनत करता रहा।'

उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने केवल रटने पर नहीं, बल्कि हर विषय और हर प्रश्न की अवधारणा को पूरी तरह समझने पर जोर दिया। दसवीं में गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन और बारहवीं में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के बाद उन्होंने दो वर्षों तक पूरी गंभीरता से NEET की तैयारी की। पेपर लीक के कारण हुई SXe-NEET परीक्षा ने भी उनके आत्मविश्वास को कमजोर नहीं किया। शुरुआती निराशा के बाद उन्होंने फिर से तैयारी शुरू की और दोबारा परीक्षा में 715 अंक हासिल कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

दिलचस्प बात यह है कि आर्यन ने अपनी तैयारी के दौरान किसी भी एआई टूल या चैटबॉट का सहारा नहीं लिया।

उन्होंने एनसीईआरटी, अपने क्लास नोट्स और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर भरोसा किया। उनका मानना है कि सफलता के लिए ईमानदारी से अपनी कमियों को पहचानना और निरंतर मेहनत करना सबसे जरूरी है। आर्यन का सपना केवल डॉक्टर बनना नहीं, बल्कि एक ऐसे कैंसर विशेषज्ञ और शोधकर्ता के रूप में काम करना है जो कैंसर के इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ और किफायती बना सके।

# प्रधानमंत्री मोदी चंडीगढ़ आए, लेकिन कांग्रेस के 17 सवालों में से एक का भी जवाब नहीं दिया



अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज चंडीगढ़ दौरे के बाद चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि शहरवासियों को इस दौरे से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन प्रधानमंत्री वर्षों से लंबित जनहित के मुद्दों पर कोई स्पष्ट घोषणा, समाधान या जवाब दिए बिना ही लौट गए। कांग्रेस ने इसे चंडीगढ़ की जनता के लिए निराशाजनक तथा एक महत्वपूर्ण अवसर गंवाने वाला दौरा बताया।

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-17 प्लाजा में हाथों में 17 प्ले-कार्ड लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और उन 17 महत्वपूर्ण सवालों को दोहराया, जिन्हें कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के दौरे से पहले सार्वजनिक रूप से उठाया था। कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री के पूरे दौरे और संबोधन के दौरान इन 17 सवालों में से किसी एक का भी जवाब नहीं दिया गया।

एच.एस. लक्की ने कहा कि कांग्रेस विकास कार्यों का हमेशा स्वागत करती है और किसी भी ऐसी परियोजना का समर्थन करती है जिससे जनता को लाभ मिले। लेकिन लोकतंत्र में केवल परियोजनाओं का उद्घाटन करना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जनता के वास्तविक सवालों का जवाब देना और उनकी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करना भी सरकार की जिम्मेदारी होती है।

# एलएडीसी नीति के विरोध में वकीलों की हड़ताल नौवें दिन भी जारी



डेराबस्सी/यूटर्न/17 जुलाई। लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) नीति के विरोध में ज्वाइंट एक्शन कमेटी पंजाब के आह्वान पर प्रदेशभर में चल रही वकीलों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को नौवें दिन भी जारी रही। डेराबस्सी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का पूर्ण बहिष्कार करते हुए अदालत के मुख्य द्वार के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ समय के लिए तहसील रोड पर यातायात भी बाधित रहा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विक्रमजीत सिंह दप्पर ने बताया कि 14 जुलाई को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा न्यायमूर्ति विनोद एस. भारद्वाज की अध्यक्षता में गठित समिति के साथ पंजाब की सभी बार एसोसिएशनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में अधिवक्ताओं ने एलएडीसी नीति की खामियों तथा इससे वकीलों और न्याय व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से रखा, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका।

# पंजाब में उबाल: संगरूर लाठीचार्ज के विरोध में सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी, फूंका सीएम का पुतला






-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/जुलाई। संगरूर में सफाई सेवकों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और यूनियन नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज पूरा पंजाब आक्रोश में है। 'सफाई सेवक यूनियन पंजाब' के आह्वान पर राज्य भर में प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में जगरांव में भी भारी संख्या में सफाई कर्मचारियों और विभिन्न जन संगठनों ने एकत्रित होकर पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अपना रोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका।

आंदोलनकारियों का आरोप है कि संगरूर में विधायक नरिंदर कौर भराज के इशारे पर पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया और यूनियन के जिला व स्थानीय प्रधानों को गिरफ्तार कर लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन किया है। नेताओं ने स्पष्ट किया कि सरकार जायज मांगों को सुलझाने के बजाय दमनकारी नीतियों पर उतर आई है, जिसे कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रदर्शन के बाद, एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र तहसीलदार को सौंपा गया। यूनियन नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि गिरफ्तार किए गए नेताओं को तुरंत रिहा नहीं किया गया, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई न हुई और कर्मचारियों की लंबित मांगों को नहीं माना गया, तो आने वाले दिनों में संघर्ष को और अधिक उग्र एवं व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में होने वाले किसी भी नुकसान की पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी।

इस विरोध प्रदर्शन में इंकलाबी केंद्र पंजाब के सचिव कंवलजीत सिंह खन्ना, ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला प्रधान सुखदेव सिंह मानूंके, अवतार सिंह गगड़ा सहित अन्य कई प्रमुख नेता और बड़ी संख्या में सफाई सेवक मौजूद रहे।

# समझौते की बैठक बनी खूनी, जूस विक्रेता की चाकू मारकर हत्या; एक युवक घायल

**प्रधानमंत्री के चंडीगढ़ दौरे से कुछ घंटे पहले भाजपा कार्यालय के पास वारदात, पुलिस ने शुरू की जांच**





कपिल नागपाल

पंचकूला/यूटर्न/17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चंडीगढ़ दौरे से करीब 10 घंटे पहले पंचकूला के एमडीसी क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई। वीरवार रात करीब 9 बजे सकेतड़ी रोड स्थित भाजपा कार्यालय के समीप एक पार्क में पुरानी रंजिश को लेकर बुलाई गई समझौता बैठक खूनी संघर्ष में बदल गई। इस दौरान जूस विक्रेता कपिल की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य युवक अभिषेक घायल हो गया। मृतक की पहचान कपिल, निवासी सकेतड़ी गांव, सेक्टर-4, एमडीसी के रूप में हुई है। वह एमडीसी क्षेत्र में जूस की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। घायल युवक की पहचान अभिषेक, निवासी सकेतड़ी के रूप में हुई है, जिसका सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कपिल की कुछ युवकों से पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष पार्क में पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि मौके पर दोनों पक्षों के करीब 20 से 25 युवक मौजूद थे। बातचीत के दौरान कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान कपिल पर चाकू से कई वार किए गए।

गंभीर रूप से घायल कपिल किसी तरह पार्क से बाहर निकलकर सड़क तक पहुंचा, लेकिन वहीं गिर पड़ा। इसी दौरान सामने से गुजर रही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसे देखकर हमलावर फरार हो गए। पुलिस टीम ने कपिल को तुरंत सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। देर रात डीसीपी क्राइम अमरिंदर सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीन ऑफ क्राइम (एफएसएल) टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

मामले की जांच के लिए सीआईए इंचार्ज विजय कुमार और क्राइम ब्रांच-19 के इंचार्ज परवीन मलिक अपनी-अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अस्पताल से भी कई युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# चंडीगढ़ पुलिस में तीन इंस्पेक्टरों को डीएसपी का 'लुक आफ्टर चार्ज', प्रशासन ने जारी किए आदेश

## मलकीत सिंह, पूनम दिलावरी और प्रवेश शर्मा को सौंपी गई जिम्मेदारी, नियमित नियुक्ति तक रहेगा अस्थायी प्रबंध

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। ।चंडीगढ़ प्रशासन के गृह विभाग ने शुक्रवार को आदेश जारी कर चंडीगढ़ पुलिस के तीन इंस्पेक्टरों को डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (डीएसपी) के पद की नियमित जिम्मेदारियों का 'लुक आफ्टर चार्ज' सौंप दिया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी और तब तक प्रभावी रहेगी, जब तक डीएसपी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां नहीं हो जातीं।

जारी आदेश के अनुसार इंस्पेक्टर मलकीत सिंह (नं. 312/CHG), इंस्पेक्टर पूनम दिलावरी (नं. 314/CHG) और इंस्पेक्टर प्रवेश शर्मा (नं. 315/CHG) को डीएसपी पद के नियमित कार्यों का अस्थायी प्रभार दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक अस्थायी व्यवस्था है और इसे भविष्य में पदोन्नति का आधार या मिसाल नहीं माना जाएगा। इन अधिकारियों को







डीएसपी के वैधानिक (स्टैच्यूटरी) अधिकार प्राप्त नहीं होंगे। साथ ही, उन्हें इस अतिरिक्त जिम्मेदारी के लिए कोई अतिरिक्त वेतन, भत्ता, वरिष्ठता या पदोन्नति संबंधी लाभ नहीं मिलेगा।


आदेश में यह भी कहा गया है कि नियमित नियुक्तियां होने तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। प्रशासन आवश्यकता पड़ने पर इसे बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त कर सकता है। गृह विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि संबंधित इंस्पेक्टरों से इस व्यवस्था की सभी शर्तों पर लिखित सहमति प्राप्त करने के बाद ही उन्हें 'लुक आफ्टर चार्ज' सौंपा जाएगा। आदेश गृह विभाग की ओर से सुपरिंटेंडेंट (पुलिस) द्वारा जारी किया गया है।

# ट्रांसफार्मर में आग से बाल-बाल टला बड़ा हादसा

## अजीत एन्क्लेव के मुख्य गेट के पास मची अफरा-तफरी, घंटों प्रभावित रही बिजली आपूर्ति

जीरकपुर/यूटर्न/17 जुलाई। जीरकपुर के अजीत एन्क्लेव के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप लगे बिजली ट्रांसफार्मर में गुरुवार शाम अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही ट्रांसफार्मर से ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठने लगा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। लोगों ने तत्काल सुरक्षित स्थानों की ओर रुख किया और घटना की सूचना बिजली विभाग व दमकल विभाग को दी।

सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बिजली आपूर्ति बंद कर आग पर काबू पाया गया,



जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे अजीत एन्क्लेव और आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी को आग लगने का संभावित कारण माना जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर रिहायशी क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर स्थित है। ऐसे में समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने बिजली विभाग से पुराने ट्रांसफार्मरों और विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# जन्मदिन पर पार्षद मुनीश सैणी ने शुरू किया पौधारोपण अभियान

## 'हरा-भरा वार्ड नंबर-6' अभियान के तहत शिव मंदिर और एटीएस वैली स्कूल में लगाए पौधे

जीरकपुर/यूटर्न/17 जुलाई। वार्ड नंबर-6 के नगर पार्षद एडवोकेट मुनीश कुमार सैणी ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित करते हुए पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। 'हरा-भरा वार्ड नंबर-6' के संकल्प के तहत शिव मंदिर और एटीएस वैली स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।



इस अभियान में एटीएस वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों के महत्व और बढ़ते प्रदूषण को कम करने में पौधारोपण की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

पार्षद मुनीश सैणी ने कहा कि जन्मदिन और अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण करना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ भविष्य की नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, पार्कों, धार्मिक स्थलों और अन्य खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से वार्ड नंबर-6 को हरा-भरा, स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पार्षद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से आम लोगों, विशेषकर बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नई मस्जिद निर्माण कार्य का कराया शुभारंभ



लालडू/यूटर्न/17 जुलाई। लालडू वार्ड नंबर 17 स्थित दप्पर कॉलोनी में मुस्लिम समाज की ओर से आयोजित लोक मिलनी कार्यक्रम में डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोक मिलनी के दौरान विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने नई मस्जिद के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ कराया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों का निर्माण सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सभी धर्मों और वर्गों के लोगों को साथ लेकर प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विधायक ने क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा का सम्मान किया और क्षेत्रवासियों ने विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

# जीएचजी अकादमी में स्केटिंग का रोमांच



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/जुलाई। जी.एच.जी. अकादमी, जगरांव के स्केटिंग रिंक पर आज जोश और ऊर्जा का सैलाब उमड़ पड़ा। विद्यालय में आयोजित 'इंटर-हाउस स्केटिंग प्रतियोगिता' में नन्हे खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत संतुलन, बिजली जैसी गति और शानदार कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसों — अजीत, जोरावर, जुझार और फतेह हाउस के प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। रेस के दौरान हर मोड़ पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक बना दिया।

परिणामों की रही धूम: कड़ी टक्कर के बाद, विजेताओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया:

प्रथम स्थान: अजीत हाउस

द्वितीय स्थान: जोरावर हाउस

तृतीय स्थान: जुझार हाउस

हौसला अफजाई:

समारोह के समापन पर विद्यालय की प्राचार्या और प्रबंधन समिति ने सभी विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# ‘हमारा चंडीगढ़’ कह PM मोदी ने दिखाया अपनापन, PGI में MBBS कॉलेज की बड़ी सौगात

## चंडीगढ़ को ढट मोदी का 6,600 करोड़ का विकास पैकेज, PGI में MBBS कॉलेज को मंजूरी







अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चंडीगढ़ पहुंचे तो उम्मीद के मुताबिक बड़ी घोषणा कर गए। उन्होंने पीजीआई में एमबीबीएस कॉलेज को मंजूरी दी। इससे चंडीगढ़ उत्तर भारत में एकमात्र ऐसा शहर बन जाएगा, जहां दो मेडिकल कॉलेज होंगे। अभी सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच) में एमबीबीएस की पढ़ाई हो रही है।

पीएम मोदी दोपहर 1 बजकर 50 मिनट पर चंडीगढ़ पहुंचे। पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पेक) में आयोजित कार्यक्रम से ट्राईसिटी के लिए 6,600 करोड़ की 10 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इससे स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क नेटवर्क को नया विस्तार मिलेगा। पीएम ने करीब 23 मिनट तक संबोधित किया। चंडीगढ़ से जुड़ी यादें ताजा करते हुए अपना जुड़ाव दिखाया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ की पहचान मां चंडी के आशीर्वाद से है। यह केवल एक शहर नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक डेवलपमेंट मॉडल है

यहां का विकास केवल शहरवासियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा लाभ हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब




और जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों को भी मिलता है। यह शहर सुनियोजित विकास, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर जीवनशैली का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि जब वे चंडीगढ़ में रहता थे, तब अक्सर पीजीआई आना पड़ता था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में पीजीआई के दीक्षांत समारोह में आने का अवसर मिला था और पिछले एक दशक में संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं एवं बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने और आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करने के लिए कार्य कर रही है, जिसका बड़ा लाभ चंडीगढ़ सहित पूरे उत्तरी भारत



*कोरोना का जिक्र, स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव गिनाए...प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए जाते थे, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने भारत की क्षमता देखी। उन्होंने कहा कि भारत मदद मांगने वाला देश नहीं रहा, बल्कि दुनिया के अनेक देशों तक दवाइयां और वैक्सीन पहुंचाने वाला देश बना। यह पिछले 12 वर्षों की ईमानदार कोशिशों का परिणाम है।*

को मिल रहा है। पीजीआई में एमबीबीएस पाठ्यक्रम को मंजूरी मिलने से देश के मेधावी छात्रों को देश के शीर्ष संस्थानों में पढ़ने का अवसर मिलेगा और यह संस्थान भविष्य में चिकित्सा अनुसंधान तथा नवाचार के बड़े केंद्र बनेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर काम किया गया है। 15 नए एम्स को मंजूरी दी गई, अनेक नए मेडिकल कॉलेज और कैंसर अस्पताल बनाए गए तथा होमी भाभा कैंसर अस्पताल जैसे संस्थान लोगों की सेवा कर रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा और क्रिटिकल केयर ब्लॉक जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब स्वास्थ्य सेवाएं गांवों तक पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश में 90 प्रतिशत से अधिक प्रसव संस्थागत हो रहे हैं। पहले डॉक्टर बनने के लिए सीटें बहुत कम थीं, लेकिन अब मेडिकल सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो चुकी है।

### रिटायर्ड आईपीएस इंद्रजीत की मंच से सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शुरू होने के बाद चंडीगढ़ ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने स्वच्छता अभियान से जुड़े रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी इंद्रजीत सिंह के योगदान का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने झाड़ू को जन आंदोलन का प्रतीक बनाया और उनकी सेवाओं के सम्मान में केंद्र सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले शहर में चलाया गया ₹स्वच्छता से स्वागत₹ अभियान सराहनीय है। स्वच्छता केवल सफाई का विषय नहीं बल्कि अनेक बीमारियों की रोकथाम का प्रभावी माध्यम भी है। इसके लिए उन्होंने चंडीगढ़ के नागरिकों और प्रशासन को बधाई दी।

### चंडीगढ़ बना डिजिटल गवर्नेंस का मॉडल

प्रधानमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ देश में अनेक आधुनिक व्यवस्थाओं की शुरूआत का केंद्र रहा है। भारतीय न्याय संहिता लागू करने की प्रक्रिया हो, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी), स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन या डिजिटल गवर्नेंस इन क्षेत्रों में चंडीगढ़ ने नई पहचान बनाई है।

## पीएम मोदी के चंडीगढ़ दौरे पर कांग्रेस का हमला, ममता डोगरा को थाने ले जाने पर उठे सवाल; बोलीं- ‘यह लोकतंत्र नहीं, तानाशाही’

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चंडीगढ़ दौरे के दौरान कांग्रेस ने प्रशासन की कार्रवाई पर तीखा विरोध दर्ज कराया है। चंडीगढ़ कांग्रेस की प्रदेश सचिव ममता डोगरा को एहतियातन हिरासत में लेकर मलोया थाने ले जाने के बाद उन्होंने प्रशासन और केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों के दमन का आरोप लगाया। ममता डोगरा ने कहा कि यदि सरकार के पास जनता के सवालों के जवाब हैं तो विपक्षी नेताओं को रोकने और थाने ले जाने की जरूरत क्यों पड़ी।

ममता डोगरा ने आरोप लगाया कि



कांग्रेस कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान महंगाई, बेरोजगारी और चंडीगढ़ से जुड़े स्थानीय मुद्दों को उठाना चाहते थे, लेकिन उन्हें अपनी बात रखने का अवसर देने के बजाय पुलिस कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा है और विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

उन्होंने कहा यह लोकतंत्र नहीं



तानाशाही है। जब सरकार के पास सवालों के जवाब नहीं होते, तब विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना और शांतिपूर्ण विरोध करना हर नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। यदि विपक्षी नेताओं को पहले ही हिरासत में लेकर थाने भेज दिया जाए, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

ममता डोगरा ने कहा कि देश लोकतंत्र से चलता है, डर और दमन से नहीं। जनता के मुद्दों पर जवाब देने की बजाय विपक्ष की आवाज दबाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि राजनीतिक मतभेदों को पुलिस कार्रवाई के जरिए दबाने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध की आवाज को सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि यही लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है।

# कंट्री यार्ड होटल में अचानक लगी आग, खाली कराया एरिया, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अमृतसर/यूटर्न/17 जुलाई। अमृतसर में पुलिस कमिश्नर की कोठी के नजदीक स्थित कंट्री यार्ड होटल में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज हैं कि वे काफी दूर तक दिखाई दे रही थी, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक आग ने होटल का काफी हिस्सा चपेट में ले लिया। अभी नुकसान का पता नहीं चल सका है। सुरक्षा के मद्देनजर इलाके को खाली कराया गया।



## आग लगने के कारणों का पता नहीं

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों का कहना है कि आग पूरी तरह बुझने के बाद ही जांच शुरू की जाएगी, जिसके बाद स्पष्ट हो सकेगा कि आग शॉर्ट सर्किट, तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से लगी। राहत की बात यह है कि अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, होटल को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए थे।

# पंजाब सेक्रेटेरिएट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस ने जांच की शुरू

पंजाब/यूटर्न/17 जुलाई। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चंडीगढ़ दौरे से कुछ समय पहले ही पंजाब और हरियाणा सेक्रेटेरिएट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जिसके बाद प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। कंट्रोल रुम पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद पूरे सेक्रेटेरिएट में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। पूरी बिल्डिंग को खाली करवाकर सर्च अभियान चलाया गया। हालांकि इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक चीज सामने नहीं आई है। चंडीगढ़ पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी थी। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा और बढ़ा दी गई। सचिवालय के सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## तकनीकी टीमें कर रही जांच

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कंट्रोल रूम को मिले बम की धमकी वाले संदेश की गंभीरता से जांच की जा रही है। संदेश किसने और कहां से भेजा, इसका पता लगाने के लिए साइबर और तकनीकी टीमों को लगाया गया है। फिलहाल पूरे सचिवालय परिसर की गहन तलाशी जारी है। अभी तक किसी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नयनतारा का फिटनेस सीक्रेट बना चर्चा का विषय!



ब्लैक ग्लैमरस आउटफिट में नयनतारा ने एक बार फिर अपनी फिटनेस और नैचुरल ब्यूटी से फैंस का दिल जीत लिया। उनका टोन्ड फिजीक और कॉन्फिडेंट स्टाइल सोशल मीडिया पर खूब तारीफ बटोर रहा है। फैंस का कहना है कि 40 की उम्र के बाद भी नयनतारा की फिटनेस और स्किन ग्लो कई युवा अभिनेत्रियों को टक्कर देता है। वर्कआउट, संतुलित डाइट और अनुशासित लाइफस्टाइल को उनकी खूबसूरती का बड़ा राज माना जाता है। नयनतारा का यह लेटेस्ट लुक फैशन और फिटनेस प्रेमियों के लिए नया स्टाइल इंस्पिरेशन बन गया है। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं और फैंस लगातार उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

# जगरांव में अकाली दल का शक्ति प्रदर्शन, एसआर कलेर ने कसी कमर, बूथ स्तर पर संगठन को किया मजबूत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/17/जुलाई। शिरोमणी अकाली दल के कोर कमेटी सदस्य और जगरांव हलका इंचार्ज, पूर्व विधायक एस.आर. कलेर ने आगामी चुनौतियों के मद्देनजर पार्टी की जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में आज उन्होंने 'सर्कल मल्लां' के अंतर्गत आने वाले कई गांवों का दौरा कर पार्टी के बूथ स्तरीय ढांचे को पुनर्गठित और सशक्त किया।



**बूथ ही जीत की कुंजीः एस.आर. कलेरः-** अखाड़ा, भम्मीपुरा, रणधीरगढ़, चीमा, लम्मे, लक्खा, मल्लां और रसूलपुर गांवों में आयोजित बैठकों को संबोधित करते हुए कलेर ने कहा कि "पार्टी का असली आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। यदि हमारा बूथ स्तर का ढांचा मजबूत होगा, तो कोई भी ताकत पार्टी को चुनौती नहीं दे सकती। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**रणनीतिक मजबूती और सदस्यता अभियान पर जोर...** इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बूथों पर सक्रियता बढ़ाना और नए सदस्यों को जोड़ना है। कलेर ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जनता की समस्याओं को सुनें और पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय पदाधिकारी जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे।

# सेक्टर-43 जिला अदालत को मिलेगा विस्तार, 10 नए कोर्ट रूम और स्पेशल कोर्ट बनने का रास्ता साफ

## मल्टीलेवल पार्किंग शुरू होने के बाद खाली होगी मौजूदा पार्किंग की जमीन

अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। सेक्टर-43 स्थित जिला अदालत परिसर में न्यायिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठने जा रहा है। अदालत परिसर में जल्द ही नया कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारी है, जिसमें 10 नए कोर्ट रूम, स्पेशल कोर्ट और आधुनिक रिकॉर्ड रूम विकसित किए जाएंगे। प्रस्तावित भवन मौजूदा वकील पार्किंग की जगह बनाया जाएगा, जो मल्टीलेवल पार्किंग शुरू होने के बाद खाली हो जाएगी। दरअसल, जिला अदालत और चंडीगढ़ ज्यूडिशियल अकादमी के बीच करीब साढ़े चार एकड़ क्षेत्र में 1500 वाहनों की क्षमता वाली मल्टीलेवल पार्किंग तैयार हो चुकी है। 18 जुलाई को भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत इसका उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वकीलों की पार्किंग नई इमारत में स्थानांतरित होने से मौजूदा पार्किंग स्थल नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए उपलब्ध हो जाएगा।



### रिकॉर्ड रूम की समस्या भी होगी दूर

नई परियोजना में आधुनिक रिकॉर्ड रूम भी प्रस्तावित है। वर्तमान रिकॉर्ड रूम पूरी तरह भर चुका है, जिसके चलते अदालत को रिकॉर्ड रखने के लिए निजी स्थान किराये पर लेना पड़ रहा है। इससे हर महीने लाखों रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। नए भवन के निर्माण से यह समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

### एक लाख से ज्यादा लंबित मामलों को मिलेगी राहत

चंडीगढ़ जिला अदालत में वर्तमान में 30 कोर्ट कार्यरत हैं, लेकिन बढ़ते मामलों के कारण न्यायिक ढांचे पर लगातार दबाव बना हुआ है। अदालत में एक लाख से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें लगभग 75 हजार आपराधिक और 24 हजार से ज्यादा दीवानी मामले शामिल हैं। नए कोर्ट रूम बनने से अतिरिक्त न्यायिक क्षमता विकसित होगी और मामलों के निस्तारण की गति तेज होने की उम्मीद है।

### पार्किंग संकट से मिलेगी निजात

करीब 80 करोड़ रुपये की लागत से बनी मल्टीलेवल पार्किंग में बेसमेंट सहित चार मंजिलों पर लगभग 1500 वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था की गई है। इसका शिलान्यास 30 जुलाई 2022 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। पार्किंग शुरू होने से अदालत परिसर और आसपास की सड़कों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम में भी राहत मिलने की उम्मीद है।

### संचालन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

हालांकि, नई पार्किंग का संचालन किस एजेंसी के पास होगा, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। जिला बार एसोसिएशन का कहना है कि लंबे संघर्ष के बाद यह सुविधा मिली है, इसलिए पार्किंग में वकीलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक चौहान ने कहा कि पिछले 13 वर्षों से वकील इस सुविधा की मांग कर रहे थे, इसलिए इसका पहला अधिकार अधिवक्ताओं का होना चाहिए।

# सांसद हरभजन भज्जी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, सिक्योरिटी बहाल करने की याचिका खारिज

पंजाब/यूटर्न/17 जुलाई। पूर्व क्रिकेटर और आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से झटका मिला है। कोर्ट ने उनकी पंजाब पुलिस की सुरक्षा बहाली की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी सुरक्षा अचानक इसलिए वापस ली गई, क्योंकि उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ी थी। हाईकोर्ट ने माना कि सुरक्षा हटाने का निर्णय सुरक्षा समीक्षा समिति द्वारा पहले ही ले लिया गया था। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि केवल घर के बाहर प्रदर्शन होना या गद्दार कहे जाना से अपने आप में जान के लिए खतरा साबित नहीं करता, विशेषकर तब



जब प्रदर्शन हिंसक न रहा हो। हाईकोर्ट ने केंद्र से मिली वाई प्लस सुरक्षा और राज्य सरकार द्वारा पंजाब आगमन पर स्थानीय सुरक्षा देने के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, बिना किसी अन्य निर्देश के याचिका का निपटारा कर दिया।

### पार्टी छोड़ते ही हटाई सुरक्षा

गौरतलब है कि भज्जी ने 24 अप्रैल को आप को छोड़ दिया था, इसके अगले ही दिन 25 अप्रैल को पंजाब पुलिस ने उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई। वे राघव चड्डा के साथ भाजपा में शामिल हो गए। बाद में उन्हें संसद ने भाजपा को सांसद बनाने की मंजूरी दे दी। हरभजन सिंह भज्जी के वकील ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा कि वे पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। आम आदमी पार्टी में रहते हुए उन्हें करीब 25 पुलिसकर्मियों की सुरक्षा मिली हुई थी। उन्होंने 24 अप्रैल को पार्टी छोड़ दी थी, लेकिन इसके अगले ही दिन 25 अप्रैल को पंजाब पुलिस ने उनकी सुरक्षा वापस ले ली।

# 'मोटेवेव सॉल्यूशंस' में एनिमेशन और वीएफएक्स पर विशेष सेमिनार का आयोजन



-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/17/जुलाई। पिछले 28 महीनों से तकनीक के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे 'मोटेवेव सॉल्यूशंस' ने आज एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स (VFX), गेमिंग, कॉमिक्स और यूट्यूब कंटेंट क्रिएशन पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान, विशेषज्ञों ने छात्रों को एनिमेशन बनाने, कंटेंट क्रिएशन और वीएफएक्स तकनीकों की गहरी जानकारी दी, जिनका उपयोग आज विभिन्न फिल्मों और गानों में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने छात्रों को इन क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न टूल्स और सॉफ्टवेयर के बारे में विस्तार से समझाया। इस अवसर पर 'मोटेवेव सॉल्यूशंस' के डायरेक्टर मनमोहन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, ₹आज के दौर में कंटेंट क्रिएशन, वीएफएक्स, गेमिंग सॉफ्टवेयर और एनिमेशन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। समय की मांग को देखते हुए ही हमने इन कोर्सेज की शुरूआत की है, ताकि हमारे छात्र अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें और आधुनिक तकनीक में निपुण हो सकें। इस सेमिनार में प्रदीप कुमार, जेम्स, गुरलीन सिंह, हरमनदीप कौर, हरप्रीत कौर, अमनदीप कौर, सुमनदीप कौर, कुलजीत सिंह, परमविंदर कौर और कर्मजीत कौर सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लिया हिस्सा



चंडीगढ़/यूटर्न/17 जुलाई। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन (रजि.), सेक्टर-17 के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी के नेतृत्व में एसोसिएशन के सदस्यों ने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पेक) में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लिया। एसोसिएशन के सदस्य चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सीटीयू बसों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कमलजीत सिंह पंछी ने कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई और एसोसिएशन के सदस्यों के समन्वय का कार्य संभाला।

कार्यक्रम के बाद कमलजीत सिंह पंछी ने कहा कि आयोजन स्थल पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था, परिवहन और अन्य सुविधाएं सुव्यवस्थित थीं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के सचिव रविंदर नाथ ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया और प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372